
# इमरान सरकार को भारी पड़ेगा तालिबान से ताल्लुकात

**प्रहार**

## पाकिस्तान को लेकर ट्रंप प्रशासन से ज्यादा बाइडन प्रशासन सख्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान को अपने मित्र तालिबान की मदद करना बेहद महंगा पड़ सकता है। अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद अमेरिका आतंकवाद पर सबसे बड़े प्रहार की तैयारी में जुट गया है। अमेरिकी सीनेट के 22 सांसदों ने तालिबान और आतंकवाद पर नकेल कसने के लिए एक बिल पेश किया है। इस बिल में तालिबान से ज्यादा पाकिस्तान को घेरने की रणनीति तैयार की गई है।





**पाकिस्तान पर 5 गंभीर आरोप**

पहला यह है कि पाकिस्तान की इमरान सरकार पर गुपचुप तरीके से तालिबान लड़ाकों को हथियार मुहैया कराने और सैन्य प्रशिक्षण देने का गंभीर आरोप है। दूसरा तालिबान की मदद को लेकर पाकिस्तान पर अमेरिका और दुनिया से झूठ बोलने का आरोप। इमरान सरकार पर अमेरिका से छिपाकर तालिबान लड़ाकों को अपने देश में संरक्षण देने का आरोप। तीसरा पाकिस्तान पर अफगानिस्तान में मौजूद अमेरिकी सैनिकों और उनकी गतिविधियों की जानकारी तालिबान तक पहुंचाने का आरोप। चौथा यह भी आरोप है कि अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तालिबान सरकार के गठन में आइएसआइ की अहम भूमिका रही।

पांचवा अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद पाकिस्तान की सेना पर यह आरोप है कि उसने पंजशीर घाटी में गुप्त तरीके से तालिबान लड़ाकों का साथ दिया।

**प्रतिबंधों की दहलीज पर खड़ा अमेरिकाः** प्रो. हर्ष वी पंत का कहना है कि पाकिस्तान के खिलाफ अभी यह बिल सीनेट में पेश किया गया है। अब सीनेट में इस बिल पर बहस होगी। उन्होंने कहा कि इस बिल को तैयार करने में कई संसदीय समितियों ने मदद की है। अब अमेरिकी रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और अमेरिका की खुफिया एजेंसियां इस पर जानकारी मुहैया कराएंगी। उच्च स्तर पर विचार विमर्श के बाद यह बिल को अंतिम रूप दिया जाएगा। अगर सीनेट में यह बिल पास हो गया तो यह बिल अमेरिकी राष्ट्रपति के पास जाएगा। राष्ट्रपति बाइडन की मोहर लगने के बाद यह कानून का रूप ग्रहण करेगा। उन्होंने कहा कि अगर यह बिल पास हो गया तो बाइडन प्रशासन पर पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने का दबाव बनेगा। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो यह चौथी बार होगा, जब पाक अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करेगा। इसके पूर्व पाकिस्तान पर वर्ष 1965,1971 और 1998 में भी प्रतिबंध लग चुका है। हालांकि, उस वक्त ये प्रतिबंध इतने कठोर नहीं थे। अमेरिका ने अन्य प्रावधानों के जरिए पाक को लगातार मदद पहुंचाई थी।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के क्रियाकलाप से डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन दोनों ही बेहद नाराज है और दोनों पार्टियों का नजरिया भी एक है। इसलिए इस बिल को पास होने में कोई बड़ी दिक्कत नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि देखा जाए तो पाकिस्तान को लेकर ट्रंप प्रशासन से ज्यादा बाइडन प्रशासन सख्त है।

## न्यूज डायरी



### संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बोले– मैंने लगवाई है कोविशील्ड वैक्सीन और जिंदा हूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 76वें सत्र के अध्यक्ष अब्दुल्ला शाहिद ने कहा है कि उन्हें भारत में निर्मित कोविशील्ड वैक्सीन की दो खुराकें ली हैं और वह अभी भी जिंदा है। कोविशील्ड वैक्सीन को ब्रिटिश–स्वीडिश दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका द्वारा विकसित किया गया है और भारत में पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया द्वारा निर्मित किया गया है। अपनी पहली प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान एक सवाल के जवाब में शाहिद ने कहा कि मुझे भारत में बना कोविशील्ड टीका लगा है, मुझे दोनों खुराकें मिल गई हैं। मुझे नहीं पता कि कितने देश कहेंगे कि कोविशील्ड स्वीकार्य है या नहीं, लेकिन दुनिया के कई देशों को कोविशील्ड मिला है। उन्होंने हंसते हुए कहा कि मैं जीवित हूं। भारत ने अनुदान, वाणिज्यिक शिपमेंट और कोवेक्स सुविधा के माध्यम से लगभग 100 देशों को 6 करोड़ से अधिक वैक्सीन खुराक का निर्यात किया है।

### तालिबान राज में मजदूर बना अफगान पत्रकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

फिरोज कोह। तालिबान के कब्जे के बाद से ही अफगानिस्तान के पत्रकारों और मीडिया कर्मियों का बुरा हाल है। कई पत्रकार देश छोड़कर जा चुके हैं और कईयों ने दूसरी नौकरी तलाश ली है। बादगीस प्रांत के पश्चिमी फिर्ज कोह शहर में मीडिया आउटलेट्स के लिए काम करने वाले जबीउल्लाह वफा अब एक मजदूर के रूप में काम कर रहे हैं और अपने 10 लोगों के परिवार का पेट पालने के लिए ईंटें बना रहे हैं। वफा उन हजारों अफगानों में शामिल हैं, जिन्होंने तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के गिरने के बाद अपनी नौकरी या आय का स्रोत खो दिया था। खामा न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पिछले 10 वर्षों से बड़घिस प्रांत में एक पत्रकार के रूप में काम किया, लेकिन स्थानीय मीडिया की वित्तीय संकटों के कारण उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया।

### श्रीलंका के साथ सैन्य अभ्यास के लिए रवाना हुआ भारतीय दल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। भारत और श्रीलंका के बीच युक्त सैन्य अभ्यास के लिए भारतीय दल रवाना हो गया है। संयुक्त अभ्यास मित्र शक्ति 2021 का आठवां संस्करण 4 से 15 अक्टूबर तक श्रीलंका के अम्पारा स्थित काम्बैट ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि भारतीय सेना के 120 जवानों की एक टुकड़ी श्रीलंकाई सेना की एक बटालियन के साथ अभ्यास में भाग लेगी। बयान में कहा गया है, अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देना और आतंकवाद विरोधी अभियानों में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है। मंत्रालय ने बताया कि इस अभ्यास से दोनों दक्षिण एशियाई राष्ट्रों के बीच संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही यह दोनों सेनाओं के बीच जमीनी स्तर पर तालमेल और सहयोग लाने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।

### तालिबान के प्रतिनिधित्व की समीक्षा करेगी संयुक्त राष्ट्र समिति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान के प्रतिनिधित्व को लेकर संयुक्त राष्ट्र समिति नवंबर में समीक्षा करेगी। महासभा के अध्यक्ष ने कहा है कि विश्व निकाय में काबुल की सीट पर किसे बैठना चाहिए, इस पर समिति द्वारा अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने के बाद मामले पर निर्णय लिया जाएगा। 193 देशों में से म्यांमार और अफगानिस्तान को हाल ही में संपन्न उच्च स्तरीय यूएनजीए में बोलने का मौका नहीं मिला था। तालिबान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच पाने के लिए छटपटा रहा है। उसने अपने प्रवक्ता सुहैल शाहीन को यूएन के लिए अफगानिस्तान का नया दूत नामित किया है। लेकिन उन्हें अफगानिस्तान के प्रतिनिधि के तौर पर स्वीकृति नहीं मिली है। शाहीन ने संयुक्त राष्ट्र से फिर गुहार लगाई है कि उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति दी जाए। क्योंकि इस सरकार का अब अस्तित्व नहीं है।

## अबू धाबी एयर एंबुलेंस क्रैश में चार की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में शनिवार को एक एयर एंबुलेंस के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई है। अबू धाबी पुलिस ने दुर्घटनास्थल और दुर्घटना के कारणों के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में दो विमान चालक, एक असैन्य चिकित्सक और एक नर्स शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों ने ट्वीट कर मृतकों के बारे में जानकारी दी। मृतकों की पहचान खामिस सईद अल–होली, मोहम्मद अल–रशीदी, शाहिद फारूक घोलम और जोएल किउई सकारा मिंटो के रूप में हुई है। दुर्घटना के कारणों का खुलासा नहीं करने के बावजूद अबू धाबी पुलिस ने घने कोहरे के कारण अमीरात में गति प्रतिबंध लगा दिया है।

पुलिस ने कोहरे के कारण कम दृश्यता के कारण वाहन चालकों से सावधानी बरतने की अपील की है। ट्वीट में पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सूचना बोर्डों पर प्रदर्शित बदलती गति सीमाओं का पालन करने की अपील की है। बयान में कहा गया, श्अबू धाबी पुलिस की जनरल कमांड मृतकों के परिवारों, परिचितों और सहकर्मियों के प्रति गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करती है।





## प्रेशर कुकर से रचाई थी शादी, कुछ ही दिनों में हुआ तलाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। दुनिया में अजीबोगरीब लोगों की कमी बिल्कुल नहीं है। इनमें इंडोनेशिया का एक शख्स भी शामिल है जिसने कुकर से शादी की थी। खोइरुल अनम ने फेसबुक पर अपनी शादी की कुछ तस्वीरें साझा कीं जिसमें वह दूल्हे के कपड़ों में नजर आ रहा है। इतना ही नहीं, अनम की पत्नी यानी प्रेशर कूकर को भी सफेद घूंघट में देखा जा सकता है। एक फोटो में वह अपनी पत्नी के साथ शादी रस्में पूरा करते और दूसरे में कुकर को किस करते नजर आ रहा है। अनम द्वारा शादी के कागजों पर हस्ताक्षर करते हुए भी तस्वीरें हैं। अपने तलाक की घोषणा करते हुए अनम ने कहा कि वह अपनी कुकर पत्नी से तलाक इसलिए ले रहा है क्योंकि वह खाने में सिर्फ चावल बना सकती है।

## जनरल रावत व आस्टिन में बहुपक्षीय रक्षा सहयोग समेत कई मुद्दों पर हुई खास चर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयार्क। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने अमेरिकी रक्षा मंत्री लायड आस्टिन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने क्षेत्रीय साझेदारों के साथ बहुपक्षीय रक्षा सहयोग के विस्तार पर विमर्श किया। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता जान किर्बी ने बताया कि गुरुवार को हुई इस मुलाकात के दौरान आस्टिन ने भारतीय सेनाओं के सहयोग संबंधी अपने देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने संस्थागत समन्वय व साझे अभियानों पर भी बल दिया।

किर्बी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा के दौरान जनरल रावत व आस्टिन ने नए रक्षा क्षेत्र, जैसे– अंतरिक्ष, साइबर व उभरती प्रौद्योगिकी को प्राथमिकता देने पर विचार किया। उन्होंने कहा, श्यह ऐतिहासिक बैठक अमेरिका व भारत की प्रमुख रक्षा साझेदारी की टिकाऊ क्षमता को रेखांकित करती है, क्योंकि दोनों देश स्वतंत्र और मुक्त हिंद–प्रशांत को बनाए रखने के समान विचारधारा वाले साझेदारों के साथ मिलकर काम करते हैं।



रावत के अमेरिकी रक्षा विभाग मुख्यालय पेंटागन के दौरे के हफ्तेभर पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मुलाकात हुई थी। यह द्विपक्षीय मुलाकात क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलाग (क्वाड) सम्मेलन में भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया व जापान के प्रमुखों से इतर थी। द्विपक्षीय मुलाकात के बाद पीएम मोदी व राष्ट्रपति बाइडन ने दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों की मजबूती पर बल दिया था।

## दुनियाभर में कोरोना महामारी से अब तक 50 लाख मौतें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। दुनियाभर में कोरोना महामारी का कहर अभी भी जारी है।कोरोना के डेल्टा वैरियंट ने दुनियाभर में कहर मचाया है। समाचार एजेंसी रायटर्स के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया में कोरोना से मौतों का आंकड़ा 50 लाख के पार चला गया है। दुनिया में हुई कुल 50 लाख मौतों में से सबसे ज्यादा मौतें अमेरिका में सामने आई हैं। अमेरिका में कोरोना से मौतों का आंकड़ा अब सात लाख के पार पहुंच गया है। कोरोना की तीसरी लहर का सामना कर रहे अमेरिका में वैक्सीनेशन के बावजूद पिछले एक हफ्ते में हर दिन दो हजार लोगों की मौत हुई है। कोरोना वायरस के मामलों और मौतों की संख्या दोनों में अमेरिका इस समय पहले नंबर पर है। जहां दुनियाभर के 19 फीसदी कोरोना केस अमेरिका में हैं तो वहीं 14 फीसदी मौतें भी यहीं हुई हैं। दुनियाभर में फिलहाल कोरोना के डेल्टा वैरियंट ने कहर मचाया है। सितंबर मध्य में डेल्टा वैरियंट के केस 1,17,625 के अपने सबसे उच्चतम स्तर (पीक) से नीचे आ चुके हैं।